**कार्यशाला** | '25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प सेवा अभियान हेतु कार्यशाला आयोजित




**शहडोल नवभाररत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए 25 सितंबर से 25 दिसंबर, 2025 तक तीन महीने का 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' चलाया जाएगा।पार्टी सूत्रों के अनुसार, अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। यह 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर शुरू होगा और 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर समाप्त होगा। इस अभियान के तहत वोकल फॉर लोकल के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रयास किया जाएगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु भाजपा जिला कार्यालय अटल निलय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने की । इस अवसर पर जयसिंहनगर विधायक जयसिंह मरावी, जिला उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, संतोष लोहानी, मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, पुष्पेन्द्र पटेल,जिला मंत्री रवीन्द्र वर्मा, नीरज गुप्ता मंचासीन रहे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में श्रीमती चपरा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के बारे में बताया उन्होंने कहा उन्होंने कहा की कोरोना के समय भारत ने कोविड वैक्सीन बनाकर पूरे विश्व को वसुधैव कुटुंबकम का नारा दिया । ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल का उपयोग करके भारत ने वैश्विक रूप से अपनी ताकत का परिचय दिया । चंद्रयान-3 में भारत का झंडा चंद्रमा में गाड़कर भारत ने अपनी ताकत का परिचय विश्व को दिया।श्रीमती चपरा ने कहा कि कॉलेजों में आत्मनिर्भर भारत संकल्प सेमिनार और स्कूलों में आत्मनिर्भरता विषय पर निबंध, कविता और चित्रकला प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रमो का आयोजन कराया जाएगा।

जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी ने सेवा पखवाड़ा के विषय जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक बृहद रूप से किया जाएगा जिसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, खेल कूद, चित्रकला प्रतियोगिता, सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन, प्रबुद्ध जन सम्मेलन, संस्मरण प्रदर्शनी, नमो मैराथन दौड़ जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान शहडोल जिले के प्रत्येक मंडलों में किया जाएगा। श्री लोहानी ने कहा कि 17 सितंबर को नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में हम सब सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं उस दिन जिले भर के सभी बूथों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और सुबह 11:00 बजे भाजपा जिला कार्यालय अटल निलय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा ।

जीएसटी संशोधन बिल के विषय में जानकारी देते हुए अमित बजाज और जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी बिल में संशोधन से रोजमर्रा की चीजें खाद्य पदार्थ, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, बागवानी और कृषि उपकरण आदि सस्ते होंगे, जिससे देश के गरीब लोगों, विशेषकर किसानों और बागवानों को बहुत राहत मिलेगी। नए बिल के लागू होने के कारण छोटे व्यापारियों के लिए जीएसटी रिटर्न भरना आसान होगा और डेढ़ करोड़ रुपये तक के कारोबार करने वाले व्यापारी तिमाही आधार पर आसानी से रिटर्न भर पाएंगे। सेवा पखवाड़ा और आत्मनिर्भर भारत के विषय में पूर्व मंत्री जैतपुर के लोकप्रिय विधायक जयसिंह मरावी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन से उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया ।कार्यशाला में मंच संचालन जिला महामंत्री पुष्पेंद्र पटेल ने किया और मंच संचालन जिले के महामंत्री अमित मिश्रा द्वारा किया गया।



# डॉक्टरों के अथक प्रयासों से दो जुड़वे बच्चियों ने जीती जिंदगी की जंग

**शहडोल नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। शासकीय अस्पतालों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण अभियान, आयुष्मान भारत योजना, आरबीएसके, जननी सुरक्षा योजना सहित विभिन्न योजनाएं संचालित कर जरूरतमंद लोगो को सहायता प्रदान की जाती है।

जिला मुख्यालय स्थिति शासकीय कुषाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल कीसिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. शिल्पी सराफ के नेतृत्व मेंबेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिला कोरिया की रहने वाली विमला देवी मौर्य पति जितेन्द्र मौर्य ने जिला अस्पताल शहडोल में केवल 6.5 माह में ही 16 जुलाई को जुड़वे बच्चियों को जन्म दिया, पहली बच्ची का जन्म 3.45 बजे जन्मी जिसका वजन सिर्फ940 ग्राम था, वह अत्यंत कमजोर थी और सांस लेने में तकलीफहो रही थी। बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल शहडोल के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया और वेंटीलेटर पर रखा गया, प्रीमट्युरिटी के कारण बच्ची के फेफड़े सांस लेने लायक स्थिति में नहीं थे, जिसके लिए सरफेक्टन्ट (फेफड़ों कों फूलनाने मे मदद करने वाली दवा) दिया गया। इसके साथ ही हृदय गति कों कण्ट्रोल करने वाली दवाओं प्रारंभ की गई है। दूसरी बच्ची का जन्म सुबह 7.45 पर हुआ जिसका वजन भी सिर्फ1.23 किला था इसे भी सांस लेने मे काफ़ी दिक्कत हो रही थी, बच्ची कों तत्काल सीपीएपी मशीन मे रखते हुए इलाज शुरू किया गया और 56 दिनों के गहन चिकित्सा के बाद जिला चिकित्सालय के डॉक्टर्स, स्टॉफनर्स के अथक प्रयासो से पहली बच्ची का वजन 1.21, दूसरी बच्ची का वजन 1.46 हो गया अब दोनों बच्चिया पूर्णतः स्वस्थ्य है।बच्ची की मॉ विमला देवी मौर्य ने कहा कि मेरे बच्चियो को चिकित्सालय में किये गए उपचार से नया जीवन मिला।

# महापौर ने निरीक्षण के दौरान करदाताओं से की चर्चा

**लोक अदालत में दी गई नगर निगम के करों में विशेष छूट**



**नवभारत, कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर शिविर स्थलों पर करदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था सहित पर्याप्त स्टाफ की तैनाती की गई थी। निगम के राजस्व अमले द्वारा भी लगातार करदाताओं को मिलने वाली छूट की जानकारी देकर बकाया कर जमा कराया गया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा लोक अदालत शिविरों नगर निगम कार्यालय, सुभाष चौक, जोन कार्यालय खिरहनी फाटक का औचक निरीक्षण कर वसूली की जानकारी से अवगत होते हुए अधिकारियों को नागरिकों की सुविधाओं को चाक चौबंध रखकर, बकाया करों को जमा कराने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए। इस दौरान महापौर ने शिविर स्थलों पर अपना बकाया कर जमा करने पहुंचे करदाताओं से संवाद भी किया। नगर निगम द्वारा आयोजित लोक अदालत शिविरों में करदाताओं ने भी समुचित व्यवस्थाओं के बीच अपने बकाया करों का भुगतान कर मिलने वाली विशेष छूट का भरपूर लाभ उठाया।

# सेवा पखवाड़ा में हितग्राहियों को करें लाभान्वित : कलेक्टर

**शहडोल नवभारत।** प्रदेश सरकार ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाडा पर्व संचालित करने का निर्णय लिया है। पखवाड़ा की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदेश के धार जिले से की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम का लाइव प्रसारण मध्यान्ह 12 बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम को जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायो, ऑगनवाड़ी केंद्रो, तथा स्कूल एवं छात्रावासों में देखने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम की जानकारी संबंधित क्षेत्र के जन-प्रतिनिधियो को देकर कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतो में स्वच्छता अभियान के साथ-साथ वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किये जाए। ग्राम स्तर पर स्कूल, ऑगनवाड़ी केंद्रो




तथा तालाबो के किनारे या उपयुक्त स्थलो का चयन कर कम से कम 1 हजार पौधे रोपित किये जाए। आपने यह भी निर्देश दिए कि एक पेड़ मॉ के नाम, एक बगिया मॉ के नाम तथा नमो पार्क एवं नमो उपवन में पौधरोपण किया जाए। आपने पीएम जन मन योजना, प्रधानमंत्री आवास का सत्यापन कराने, तथा पूर्व में स्वीकृत निर्माण कार्यों का भी सत्यापन कराने के निर्देष दिए। इसी तरह नगरीय क्षेत्रो में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाए, सफाई मित्रो का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सफाई किट प्रदाय किये जाए। शासकीय कार्यालयों में तथा सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलो में सफाई के विषेष अभियान चलाने के साथ ही पौधरोपण का कार्य किया जाए। राजस्व विभाग द्वारा खसरो का मिलान तथा छोटे-बडे झाड के जंगलो एवं तालाबो के खसरे शासकीय रिकार्ड में दर्ज किये जाए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन करने तथा शिविरो के माध्यम से गर्भवती, धात्री माताओ, 5 साल तक आयु वर्ग के शत-प्रतिशत बच्चो का वजन लेकर कुपोशित बच्चो की पहचान करने गंभीर बीमारियो, की पहचान कर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर करने तथा स्व सहायता समूह एवं लाड़ली बहनो का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 17 सितम्बर को जिला मुख्यालय में वृहद रक्त शिविर का आयोजन किया जाए इसके बाद जिले के सभी जनपद पंचायत मुख्यालयो तथा जैतपुर एवं पीएचसी स्तर पर भी रक्तदान शिविर आयोजित किये जाए। वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण किया जाए जिसके लिए पहले के स्थान चयनित कर लिए जाए। जिले में पीएचसी एवं जनपद स्तर पर तथा जैतपुर में विकलांग शिविर का आयोजन किया जाएग। पूरे जिले में इस दौरान नशा मुक्ति अभियान संचालित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग शाला त्यागी बच्चो को चिन्हित कर उन्हें स्कूल में दाखिला दिलवाने तथा स्कूल एवं छात्रावासों में हेल्थ चेकअप कार्यक्रम संचालित कराए। जनजातीय समाज के सम्पूर्ण विकास के लिए जनजातीय कार्य विभाग के माध्यम से आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जा रहा है। सेवा पखवाडा पर्व में प्रत्येक जनपद के 5-5 ग्रामो के समग्र विकास के कार्य योजना ग्रामीणो की सहमति से तैयार कराएं। कार्य योजना तैयार करने हेतु विभिन्न विभागो के अधिकारी संबंधित ग्रामो में उपस्थित रहकर सहयोग करेंगे।

# ससुर को चाकू मारकर घायल करने वाला दामाद गिरफ्तार



**धनपुरी नवभारत।** ससुराल आकर अपनी तलाकशुदा पत्नी पर हमला करने की नियत से घर में घुसे दामाद को जब पत्नी नहीं मिली तो उसने अपने ससुर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था और फरार हो गया था। थाना प्रभारी धनपुरी खेम सिंह पेंद्रो के नेतृत्व में धनपुरी पुलिस को ससुर पर चाकू से जानलेवा हमला करके फरार होने वाले दामाद सूरज उर्फ संतमान रजक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी धनपुरी खेम सिंह पेंद्रो ने नवभारत को जानकारी देते हुए बताया कि बीते 12 सितंबर को फरियादी गुड्डा रजक पिता स्वर्गीय गयादीन रजक उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15/17 रजा मोहल्ला ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मैं घर में टीवी देख रहा था की रात तकरीबन नौ बजे मेरा दामाद सूरज उर्फ संतमान रजक अपने छोटे भाई रौनक रजक के साथ घर में घुसकर मुझे जान से मारने की नियत से हमला कर दिया था जिससे मुझे सर गर्दन एवं सीने में गंभीर चोट आई थी। मेरा दामाद और उसका सगा छोटा भाई मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। रिपोर्ट पर थाना धनपुरी में अपराध क्रमांक 317/25 धारा 296, 110, 351 (3),3(5) के तहत मुकदमा कायम हुआ था। विवेचना के दौरान आरोपी संतमान रजक के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल टावर लोकेशन प्राप्त कर मुखबिर की सूचना पर बीते 14 सितंबर को अपने ससुर पर चाकू से प्राण घातक हमला करने वाले संतमन उर्फ सूरज रजक पिता स्वर्गीय झूरी रजक उम्र 26 साल निवासी शहडोल को सिंहपुर रोड एफसीआई गोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू मोटरसाइकिल मोबाइल फोन जप्त किया गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी धनपुरी विकास पांडे के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धनपुरी खेम सिंह पेंद्रो के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह आरक्षक अमित सिंह राजेश शर्मा गुलाब सिंह थाना कोतवाली से सहायक उप निरीक्षक रजनीश तिवारी प्रधान आरक्षक कैलाश प्रजापति साइबर सेल से सत्य प्रकाश मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तलाक के बाद भी पत्नी से करता था लड़ाई झगड़ा

ससुर को चाकू मार कर घायल करने वाले दामाद संतमान का अपनी पत्नी से दिसंबर 2024 में तलाक हो गया था लेकिन इसके बाद भी वह ससुराल आकर तलाकशुदा पत्नी से लड़ाई झगड़ा करता रहता था। बीते सात या 8 सितंबर को भी उसने ससुराल आकर अपनी पत्नी से मारपीट की थी और भाग गया था। उसे डर था कि तलाकशुदा पत्नी ने थाने में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई होगी इसी बात का बदला लेने वह अपनी पत्नी पर हमला करने की नीयत से ससुराल आया था लेकिन संयोग से उस वक्त तलाकशुदा पत्नी किसी परिचित के यहां गई हुई थी तलाकशुदा पत्नी को घर पर ना पाकर संतमान रजक ने अपने ससुर पर चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया था।



# ऑनलाइन लर्निंग कोर्स से बढ़ेगा कर्मचारियों का कौशल, होगा क्षमता विकास

**कर्मयोगी अभियान के तहत अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण**

**नवभारत, कटनी।** शासकीय कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने और उनके कौशल को बढ़ाने और आधुनिक शासन के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से आगामी 15 से 19 सितंबर तक चलाए जा रहे कर्मयोगी आई गॉट पर सीखें सप्ताह अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी, ई-गवर्नेंस सोसाइटी के प्रबंधक सौरभ नामदेव सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान सौरभ नामदेव ने 15 से 19 सितंबर के बीच कर्मयोगी आई गॉट पर सीखें सप्ताह अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि आई गॉट एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसे विशेष रूप से सरकारी कर्मचारियों के कौशल और क्षमता विकास के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एक ऑनलाइन लर्निंग मंच है जो विभिन्न कोर्स प्रदान करता है, ताकि कर्मचारी अपने कार्यों को बेहतर ढंग से कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान पंजीकृत लोकसेवकों को आई गॉट पोर्टल पर मौजूद लर्निंग मॉड्यूल पर रजिस्ट्रेशन के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि अभियान के अंतर्गत कम से कम दो प्रशिक्षण पूरा करना अनिवार्य है।




# अभियंता समाज को नई दिशा देने वाला पथ प्रदर्शक होता है

**यू.आई.टी. आर.जी.पी.व्ही कॉलेज में मनाया गया अभियंता दिवस**

**शहडोल नवभारत ।** भारत में इंजीनियर्स डे 15 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन हर साल इंजीनियरों के योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है, ताकि उनके काम की अहमियत को सभी लोग समझ सकें। इस दिन को विशेष रूप से सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जन्म जयंती के रूप में मनाया जाता है। साल 1955 में उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया। विश्वेश्वरैया एक महान इंजीनियर और देशभक्त थे, जिन्होंने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इंजीनियर्स डे का उद्देश्य इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जो लोग काम कर रहे हैं, उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की जाए और नई पीढ़ी को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया जाए। यू.आई.टी. आर.जी.पी.व्ही. शहडोल में उत्साह एवं उमंग के साथ इंजीनियर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री प्रकाश पाटले ने विद्यार्थियों को सबोधित करते हुए कहा कि इंजीनियर राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। उन्होंने छात्रों को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। गोविंद सिंघल ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम और अनुशासन को जीवन का मूल मंत्र बताया। संस्थान के निदेशक डॉ पंकज जैन ने कहा कि अभियंता केवल तकनीक का ज्ञाता नहीं होता, बल्कि वह समाज को नई दिशा देने वाला पथप्रदर्शक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अभियंत्रण के क्षेत्र में नवीनतम शोध एवं नवाचारों के माध्यम से देश के विकास में योगदान दे।इंजीनियर्स डे के अवसर पर विद्यार्थियो ने सांस्कृतिक गतिविधियों की भी प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया गया तथा इजीनियर्स डे के उपलक्ष्य में केक काटा गया।

# शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आदेश के खिलाफ शिक्षक

**शहडोल नवभारत।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ शहडोल के अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार देश के लाखों शिक्षकों के प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश 1 सितंबर 2025 शिक्षक पात्रता परीक्षा(टीईटी) शिक्षकों को अनिवार्य करने को हटाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अपर कलेक्टर सरोधन सिंह को कलेक्टर शहडोल के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया एवं भेजने हेतु आग्रह किया गया । नियुक्ति तिथि चाहे जो भी हो सभी शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्य किया गया है इस कारण लाखों शिक्षकों के सेवा सुरक्षा और आजीविका का संकट पैदा हो गया है ।

लाखों शिक्षकों की अजीवका के संकट को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री से विधाई नीतिगत मदद प्रदान करने हेतु आग्रह है अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ (शिक्षक संघ) का मानना है छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ शिक्षकों के सम्मान की रक्षा



भी होनी चाहिए।

जिन्होंने पूरे समर्पण भाव से पवित्र शिक्षकीय दायित्वअपनाया है । ज्ञापन देते समय अरुण मिश्रा आयाम प्रमुख लालजी तिवारी अध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ शहडोल विनोद कुमार सिंह, सचिव, मीला कोषाध्यक्ष हरिहर प्रताप सिंह संभागीय सचिव बाबूलाल जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अनिल द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष, आशा पांडे जिला महिला प्रकोष्ठ, प्रमुख जिला गोवर्धन कुशवाहा, राजेन्द्र शर्मा, बृज जायसवाल, तहसील अध्यक्ष सोहागपुर मनीष गौतम, अध्यक्ष सोहागपुर तेज प्रताप सिंह, नगर इकाई अध्यक्ष ब्रजनाथ तिवारी, सचिव तहसील इकाई सत्य प्रकाश गौतम, डीएन सोनी, बृजेंद्र गुप्ता, त्रिभुवन द्विवेदी, ब्लॉक सचिव लीला त्रिपाठी, तहसील इकाई कोषाध्यक्ष अनीता पांडे, उपाध्यक्ष तहसील इकाई सचिन पांडे, सुशील द्विवेदी, संजय मिश्रा, मनीष कमलजीत पाठक, ज्ञानेंद्र साहू, राजीव सोनी, महेंद्र त्रिपाठी, तहसील इकाई सत्य नारायण सिंह, स्मिता लाल, कुलदीप सिंह, संतोष बुनकर, सुधा पटेल, मोहम्मद इस्माइल खान उपस्थित रहे।